दैनिक जागरण 11/09/2024

मतदान जागरूकता के लिए नारा लेखन में दिखाई प्रतिभा

नारा लेखन प्रतियोगिता में विजेता छात्र कालेज स्टाफ के साथ। • सौजन्य विज्ञप्ति

जागरण संवाददाता • अंबाला : गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) कालेज में आगामी चुनावों पर जागरूकता के उद्देश्य से नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह आयाजेन स्वीप कार्यक्रम के तहत किया गया, जिसमें लगभग 60 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले प्रतिभागियों का उत्साह देखने योग्य रहा। कार्यक्रम का आरंभ में कालेज प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने विद्यार्थियों को वोट के महत्व के बारे में बताया और कहा कि हम सभी को विकास के हर तथ्य एवं पहलू को ध्यान में रखते हुए अपने कीमती वोट का उपयोग करना है। सोच समझ कर बिना किसी के बहकावे में न आ कर वोट करना हर जिम्मेदार नागरिक का कर्तव्य है।